C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सायं 6:10 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शनिवार
सुबह 6:39 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 223 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | शुक्रवार, 27 फरवरी 2026



होली में रंग जमाने लौटीं नेहा...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### 399 ग्राम डोडा के साथ तस्कर गिरफ्तार

**हल्द्वानी।** प्रदेश को नशामुक्त बनाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे 'ड्रग फ्री देवभूमि मिशन' के अंतर्गत पुलिस द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध सघन अभियान जारी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. मंजूनाथ टी.सी. के निर्देशन में व्यापक स्तर पर चेकिंग अभियान चलाने एवं तस्करों की गिरफ्तारी के सख्त निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार कत्याल तथा क्षेत्राधिकारी अमित कुमार के पर्यवेक्षण एवं थानाध्यक्ष मुखानी सुशील जोशी के नेतृत्व में नशे के सौदागरों के विरुद्ध अभियान चलाया गया। थाना मुखानी पुलिस टीम द्वारा मुखानी क्षेत्र के आरटीओ रोड स्थित हनुमान मंदिर के पास सघन चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध कार को रोका गया। तलाशी लेने पर वाहन से दो पन्नियों में क्रमशः 252 ग्राम व 147 ग्राम, कुल 399 ग्राम डोडा बरामद किया गया। पुलिस ने मौके से अभियुक्त हरमीत सिंह निवासी गोविंदपुर गढ़वाल, थाना मुखानी, को गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया और वाहन को भी सीज कर लिया गया पुलिस का कहना है कि नशे के विरुद्ध अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा और किसी भी स्तर पर मादक पदार्थों की तस्करी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### केदारनाथ यात्रा से पहले घोड़ा-खच्चरों का पंजीकरण शुरू

**देहरादून।** केदारनाथ धाम के कपाट 22 अप्रैल को खुलने से पहले घोड़े खच्चरों के पंजीकरण को लेकर कवायद शुरू हो गई है। पशुपालन विभाग ने आगामी 26 से 28 फरवरी तक छह स्थानों के लिए पहले चरण के घोड़ा-खच्चरों के पंजीकरण को लेकर रोस्टर जारी किया है। होली के बाद दूसरे चरण के लिए रोस्टर जारी होगा। केदारनाथ पैदल मार्ग पर सवारी एवं सामग्री ले जाने वाले घोड़ा-खच्चरों के स्वास्थ्य परीक्षण, माइक्रो चिपिंग, टैगिंग, रक्त सैंपलिंग, पशु बीमा के बाद ही पंजीकरण किया जाएगा। जिला प्रशासन लगभग पांच हजार घोड़ा खच्चरों के संचालन की अनुमति देगा। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. आशीष रावत ने बताया कि 27 फरवरी को चंद्रापुरी व सिद्धसौड़ एवं 28 को बंघासू बांगर एवं बक्सीर में पंजीकरण शिविर लगेंगे।

## वसंतोत्सव आज से, राज्यपाल ने प्रचार वाहनों को दिखाई हरी झंडी

**देहरादून** | हमारे संवाददाता

लोक भवन में तीन दिवसीय वसंतोत्सव-2026 का शुभारंभ आज से होने जा रहा है। 27 फरवरी से एक मार्च तक इसका आयोजन होगा। राज्यपाल कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। लोक भवन में वसंतोत्सव शुक्रवार से शुरू होगा।

इस बार उत्तराखंड तकनीकी विवि एआई आधारित एप से आगंतुकों की गणना करेगा। वहीं, आगंतुक चाहें तो वेबसाइट पर अपना स्वैच्छिक पंजीकरण भी करा सकते हैं। राज्यपाल ने इसके प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाई। 27 फरवरी से एक मार्च तक होने वाले तीन दिवसीय वसंतोत्सव-2026 (पुष्प प्रदर्शनी) की सभी तैयारियां पूरी हो गईं। शुभारंभ 27 फरवरी को सुबह 10 बजे राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) करेंगे। पहले दिन दोपहर एक बजे से शाम छह तक, 28 फरवरी व एक मार्च को सुबह नौ बजे से शाम छह बजे तक जनसामान्य के लिए निःशुल्क खुली रहेगी। राज्यपाल ने फूलों से सुसज्जित जिन विशेष प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, वे देहरादून शहर एवं आसपास के क्षेत्रों में भ्रमण कर नागरिकों को महोत्सव की जानकारी देंगे।



**आयोजन**
- एआई आधारित एप से आगंतुकों की होगी गणना

तकनीकी विवि ने लोक भवन के मुख्य द्वार पर एआई-सक्षम कैमरे स्थापित किए गए हैं। आगंतुक वेबसाइट https://vmsbutu.live/ पर ऑनलाइन पंजीकरण भी कर सकेंगे, जिससे उन्हें एक डिजिटल आई-कार्ड प्राप्त होगा। यह पंजीकरण पूर्णतः ऐच्छिक रहेगा।

भारत-पाक सीमा पर सह-पायलट बन रचा इतिहास

## राष्ट्रपति मुर्मू ने प्रचंड हेलीकॉप्टर में भरी उड़ान

**नई दिल्ली** | एजेंसी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने भारतीय वायुसेना के स्वदेशी लड़ाकू हेलीकॉप्टर प्रचंड में उड़ान भरी। इसके साथ ही राष्ट्रपति आज भारत-पाकिस्तान सीमा पर वायुसेना के वायु शक्ति अभ्यास को भी देखेंगी। अक्टूबर 2022 में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जोधपुर वायुसेना स्टेशन पर भारतीय वायुसेना में पहले एलसीएच के औपचारिक शामिल होने के अवसर पर 'प्रचंड' में उड़ान भरी थी।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु शुक्रवार को राजस्थान के जैसलमेर में स्वदेशी हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर प्रचंड में उड़ान भरी। राष्ट्रपति ने भारत-पाकिस्तान सीमा के पास हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर प्रचंड में सह-पायलट के तौर में उड़ान भर कर इतिहास रच दिया है। द्रौपदी मुर्मू स्वदेशी लड़ाकू हेलीकॉप्टर में सह-पायलट बनकर उड़ान भरने वाली पहली राष्ट्रपति हैं। एलसीएच प्रचंड ने जैसलमेर स्थित भारतीय वायु सेना (आईएएफ) स्टेशन से उड़ान भरी। उड़ान से पहले कैप्टन ने राष्ट्रपति को जानकारी दी। जैतून के हरे रंग की वर्दी और हेलमेट पहने हुए उन्होंने प्रस्थान करने से पहले कॉकपिट से हाथ हिलाकर अभिवादन किया। भारतीय सशस्त्र बलों की सर्वोच्च कमांडर राष्ट्रपति ने उड़ान के दौरान कॉकपिट से राष्ट्र के नाम संदेश भी दिया। उन्होंने कहा, प्रचंड हेलीकॉप्टर आत्मनिर्भरता का एक सशक्त प्रतीक है। इस समय मैं जैसलमेर जिले के ऊपर उड़ान भर रही हूं। मैं हमारे वीर सैनिकों को हार्दिक शुभकामनाएं और गहरी कृतज्ञता व्यक्त करती हूं। आपको मेरा सादर सलाम। जय हिंद, जय भारत।



यह उड़ान लगभग 25 मिनट तक चली। हेलीकॉप्टर पोखरण फायरिंग रेंज के ऊपर से गुजरा, जहां भारतीय वायुसेना शाम को 'वायु शक्ति' नामक अग्नि शक्ति प्रदर्शन आयोजित करेगी। राष्ट्रपति मुर्मू दिन-दुशाला-रात्रि प्रदर्शन का भी अवलोकन करेंगी। इससे पहले वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए. पी. सिंह ने राष्ट्रपति का जैसलमेर वायुसेना स्टेशन पर स्वागत किया। एलसीएच 'प्रचंड' भारत का पहला स्वदेशी रूप से डिजाइन और विकसित किया गया कॉम्बैट हेलीकॉप्टर है, जिसे हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAरु) ने निर्मित किया है।

## हाई वोल्टेज करंट से मजदूर झुलसा, पड़ोस के घरों में भी भारी नुकसान

**हल्द्वानी** | हमारे संवाददाता

शहर के डहरिया क्षेत्र की एक रिहायशी कॉलोनी में शुक्रवार को उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब निर्माण कार्य के दौरान एक मजदूर हाई वोल्टेज करंट की चपेट में आ गया। हादसा बीसी पांडे के घर की दूसरी मंजिल पर चल रहे निर्माण कार्य के दौरान हुआ। करंट इतना तेज था कि मजदूर बुरी तरह झुलस गया। उसे गंभीर अवस्था में तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, निर्माण स्थल पर तीन से चार मजदूर काम कर रहे थे। इसी दौरान एक मजदूर लोहे की सामग्री को नीचे उतारने का प्रयास कर रहा था। बताया जा रहा है कि लोहे की वस्तु ऊपर से गुजर रही हाई टेंशन लाइन से टकरा गई। संपर्क होते ही तेज धमाके के साथ करंट दौड़ गया और मजदूर दूर जा गिरा।

हादसे में वह गंभीर रूप से झुलस गया। मौके पर मौजूद लोगों ने बिना देर किए घायल मजदूर को उपचार के लिए सुशीला तिवारी अस्पताल पहुंचाया, जहां उसकी हालत अत्यंत गंभीर बताई जा रही है। फिलहाल उसकी पहचान और विस्तृत स्वास्थ्य जानकारी का इंतजार किया जा रहा है। हादसे का असर केवल निर्माणाधीन मकान तक सीमित नहीं रहा। करंट के प्रवाह से आसपास के घरों में भी भारी नुकसान हुआ है।

**घटना**
- रिहायशी कॉलोनी में मची अफरातफरी

पड़ोसी के घर के बिजली मीटर, स्विच बोर्ड, पंखे और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जल गए। कई उपकरण काले पड़ गए हैं और पूरी विद्युत व्यवस्था ठप हो गई है।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि धमाका इतना तेज था कि पूरी कॉलोनी में दहशत फैल गई। घटना की सूचना पुलिस और बिजली विभाग को दे दी गई है। रिहायशी इलाकों के ऊपर से गुजर रही हाई वोल्टेज लाइनें पहले भी खतरे का कारण बन चुकी हैं, लेकिन अब तक इन्हें हटाने या सुरक्षित करने के लिए ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं।

## दिनदहाड़े महिला से सोने की बालियां लूटी, स्कूटी सवार दो बदमाश फरार

**हल्द्वानी** | हमारे संवाददाता

कोतवाली क्षेत्र के हरिपुर जमन सिंह इलाके में दिनदहाड़े एक महिला से सोने की बालियां लूटे जाने का मामला सामने आया है। घटना लगभग दोपहर की बताई जा रही है।

निवासी हरिपुर जमन सिंह नरमा देवी पत्नी रॉयल उस समय अपने घर के बरामदे में खड़ी थीं। उनका मकान सड़क किनारे स्थित है और वे मुन्ना प्रधान के घर में रहती हैं। इसी दौरान अचानक एक नीले रंग की स्कूटी संख्या यू के06 9196 पर सवार दो युवक वहां पहुंचे। दोनों युवकों ने हेलमेट नहीं पहना था। पीड़िता के अनुसार, स्कूटी सवारों ने अचानक उनके सामने वाहन रोका। एक युवक ने उन्हें भगवान के पोस्टर दिखाकर ध्यान भटकाया, जबकि दूसरे युवक ने झपट्टा मारकर उनके कानों से सोने की दोनों बालियां निकाल लीं। वारदात को अंजाम देने के बाद दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए। घटना के बाद पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि आरोपियों की पहचान की जा सके। कोतवाली हल्द्वानी पुलिस ने बताया कि स्कूटी नंबर के आधार पर आरोपियों की तलाश की जा रही है और शीघ्र गिरफ्तारी का दावा किया है।

## पाकिस्तान ने काबुल और कंधार पर किए हवाई हमले

**इस्लामाबाद** | एजेंसी

पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख़्वाजा आसिफ़ ने अफ़ग़ान तालिबान के ख़िलाफ़ खुली जंग का एलान किया है। पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ने अफ़ग़ान तालिबान को चेतावनी देते हुए कहा कि हमारा धैर्य समाप्त हो गया है और अब खुला युद्ध होगा।

बीबीसी उर्दू के मुताबिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जारी एक बयान में, उन्होंने अफ़ग़ान तालिबान पर अफ़ग़ानिस्तान में दुनिया भर से आतंकवादियों को इकट्ठा करने का आरोप लगाया और कहा कि काबुल में अंतरिम सरकार ने आतंकवाद का एक्सपोर्ट किया है। अफ़ग़ानिस्तान में तालिबान सरकार के प्रवक्ता ज़बीहुल्लाह मुजाहिद ने पुष्टि की है कि पाकिस्तान ने राजधानी काबुल, पक्तिका और कंधार में कुछ स्थानों पर बमबारी की है।




हालांकि उन्होंने दावा किया कि इन हमलों में कोई हताहत नहीं हुआ है। पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ने आरोप लगाया कि अफ़ग़ान तालिबान ने अपने लोगों को बुनियादी मानवाधिकारों से वंचित कर दिया है और इस्लाम ने महिलाओं को जो अधिकार दिए हैं, उनसे भी वंचित कर दिया है। सूचना मंत्री अताउल्लाह तरार ने एक्स पर अपने बयान में कहा कि पाकिस्तान ने अफ़ग़ानिस्तान के काबुल, पक्तिका और कंधार में अफ़ग़ान तालिबान के रक्षा ठिकानों को निशाना बनाया है। उन्होंने दावा किया कि पाकिस्तान के अभियानों में अफ़ग़ान तालिबान के दो कोर मुख्यालय, दो हथियार डिपो, एक लॉजिस्टिक्स गोदाम, तीन बटालियन मुख्यालय, दो सेक्टर मुख्यालय और 80 से अधिक टैंक नष्ट हो गए। समाचार पत्र इन दावों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं कर सका है. हालांकि, सूचना मंत्री अताउल्लाह तरार का कहना है कि पाकिस्तान की तरफ से अभियान अब भी जारी है।

**जंग**
- अफ़ग़ान तालिबान का सीमा पर जवाबी कार्रवाई का दावा

# फागोत्सव: मेरो चुनर में पड़ गयो दाग रे...

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नगर की प्रतिष्ठित धार्मिक संस्थआ श्री राम सेवक सभा द्वारा आयोजित दस दिवसीय 30वें फागोत्सव में बीरवार को स्वर्गीय नवीन चंद्र साह की स्मृति में स्कूली बच्चों की होली गायन प्रतियोगिता हुई जिसमें मोहन लाल साह बाल विद्या मंदिर ने पहला, भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय ने दूसरा तथा रामा मोंटेसरी ने तीसरा वहीं अमेरिकन किड्स सीआरएसटी प्राइमरी विंग ने सांत्वना पुरस्कार जीता।

इससे पूर्व श्री राम सेवक सभा के बाल कलाकारों ने पंत पार्क तथा सभा भवन में बेहतरीन प्रस्तुति दी तथा मह्लिका कला केंद्र के बच्चों ने आकर्षक होली गई । बच्चों ने आज मृगनयनी को यार नवल राशियां..., मेरो चुनर में पड़ गयो दाग रे..., ऐसों चटक रंग डालो...,मस्तानों की टोली में राधा बोलो होली...,कैसी होली मनाई कन्हाइ... जैसे कई होली गीत गाए। संचालन मीनाक्षी कीर्ति ,मुकेश जोशी तथा प्रो. ललित तिवारी ने किया। मुखय अतिथि कूर्मांचल बैंक के अध्यक्ष विनय साह ने सभी को होली की मुबारकबाद दी तथा विजेता बच्चों को पुरुस्कृत किया। मुखय अतिथि के साथ प्रगति साह एवं संजय साह को राधा कृष्ण का चित्र भेंट कर सममानित किया गया । निर्णायक रंगकर्मी मिथिलेश पांडे तथा कैलाश जोशी रहे। इस अवसर पर पूरा राम सेवक सभा परिवार मौजूद रहा।




## सूखाताल में होली कार्यशाला का हुआ आयोजन

नैनीताल । नैनी महिला एवं बाल विकास समिति सूखाताल में विगत दो सप्ताह से होली कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है जिसके तहत महिलाओं व युवतियों को होली स्वांग समेत नृत्य व गीत आदि का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। बता दें यह कार्यशाला 28 फ रवरी तक जारी रहेगी। संस्था की अध्यक्ष शैलजा ने बताया एक मार्च को संस्था में होली उत्सव का आयोजन किया जायेगा। कार्यशाला में मोहिनी, अनीता, शालिनी, जानकी, चंद्रा, प्रेमा, गीता, खुशी, अंजू, भूमिका, इशिता व अंजलि आदि भाग ले रहे हैं।







# एनएसएस शिविर में हुआ कई कार्यक्रमों का आयोजन

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

जिले के शहीद श्री खेमचंद डौर्बी राजकीय महाविद्यालय बेतालघाट में बीरवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य विनय कुमार विद्यालंकार द्वारा की गई।

उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से समाज से संबंधित समस्याओं के प्रति लोगों को जागरुक करते हैं। इस हेतु प्रत्येक स्वयंसेवी को प्रतिभाग करना आवश्यक है। प्रथम सत्र में स्वयंसेवियों ने बेतालघाट स्टेडियम की सफ़ाई की तथा झाडि ??ं का कटान किया। द्वितीय सत्र में प्राचार्य द्वारा सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर प्रश्नोंत्तरी प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरित किए । एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती ममता पाण्डेय ने स्वयंसेवियों को आगामी सात दिवसीय शिविर में अधिक से अधिक प्रतिभाग करने के लिए उत्साहित किया।

कार्यक्रम में डॉ.जयति दीक्षित, डॉ. ईप्सिता, डॉ.दीपक, डॉ.तरुण कुमार आर्या, डॉ.निर्मला समेत संतोष भारती, शिक्षणेत्तर कर्मचारी एवं स्वयंसेवी निधि,रजनी,बबीता करगेती, पूजा जोशी, छाया, पूजा,मेघा तथा सरोजनी आदि उपस्थित रहे।

# 434 ग्राम अवैध चरस की तस्करी करते हुए 04 अभियुक्त गिरफ्तार

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

पुलिस अधीक्षक नैनीताल डॉ0. जगदीश चंद्र व रविकांत सेमवाल सीओ नैनीताल/भवाली के पर्यवेक्षण तथा राजेश यादव प्रभारी निरीक्षक भीमताल के नेतृत्व में नशे के सौदागरों को गिरफ्तार करने व नशे की प्रवृति पर रोकथाम लगाने हेतु दिये गये निर्देश के क्रम में पुलिस टीम द्वारा भीमताल क्षेत्र के चॉफ ी रोड वन विभाग बैरियर के पास चैकिंग के दौरान धानाचूली बैण्ड से भीमताल की तरफ से एक अल्टो कार अभियुक्तों को 434 ग्राम अवैध चरस की तस्करी करते हुए गिरफतार किया गया। अभियुक्तों के विरुद्ध थाना भीमताल पर मु0अ0सं0 9/2026 धारा 8/20/600 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया ।

अभियुक्तों में राजेन्द्र सिंह नगर कोटी नगर कोटी निवासी फतेहपुर मुझरौड़ा थाना मुखानी जिला नैनीताल उम्र.27 वर्ष, बॉबी नगर कोटी पुत्र देवेन्द्र नगरकोटी निवासी फतेहपुर मेन थाना मुखानी जिला नैनीताल उम्र 24वर्ष, नीतीश नगरकोटी निवासी फतेहपुर मुझरौड़ा थाना मुखानी जिला नैनीताल उम्र 30 वर्ष तथा शिवांश रावत निवासी भट्ट कॉलोनी थाना मुखानी जिला नैनीताल उम्र 23 वर्ष शामिल रहे।



## NEWS / फटाफट

### राज्य निर्माण सेनानी दिनेश गुरुरानी ने किया पौधरोपण

नैनीताल । राज्य निर्माण सेनानी दिनेश गुरुरानी द्वारा राज्य में चलाया जा रहा अनूठा पौधारोपण अभियान बीरवार को 591वें दिन भी जारी रहा। पौधारोपण अभियान के 591वे दिन डीडीहाट स्थित अपने आवास परिसर में अपने पिताजी स्वर्गीय तारा दत्त गुरुरानी की स्मृति में स्मृति पौध लगाया।दिनेश गुरुरानी ने कहा कि उनका पौधारोपण अभियान जारी रहेगा।

### पालिका के भीतर बिजली व्यवस्था जल्द हो दुरुस्त:जगाती

नैनीताल । नैनीताल की ऐतिहासिक धरोहर मानी जाने वाली नगर पालिका भवन में खराब विद्युत व्यवस्था को लेकर अयारपाटा वार्ड के सभासद मनोज साह जगाती ने पालिकाध्यक्ष डॉ. सरस्वती खेतवाल को ज्ञापन सौंपा और भवन के अंदर विद्युत व्यवस्था में सुधार की मांग की। सभासद जगाती ने कहा कि भवन के अन्दर विभिन्न कक्षों में स्थित विद्युत तारों और विद्युत उपकरणों हालत बहुत ही दयनीय व खतरनाक हो रही है जिस कारण कभी भी को कई बडी घटना घट सकती है। पालिका कर्मचारीयों की ओर से भी लिखित रूप से इस संबंध में पत्र दिया गया था। भवन के अधिकाश कक्ष लकड़ी के बने हुए हैं जिस कारण जोखिम की संभावना अधिक बढ़ जाती है। उन्होंने अनुरोध किया कि इसे गंभीरता से लेते हुए नगर पालिका के कक्षों में विद्युत तारों व उपकरणों को सही करने और आवश्यकतानुसार नए तार व उपकरण स्थापित करने की कृपा करें।

### महिला अधिकारों हेतु मुखर रहने वाली कमल नेगी नहीं रही



नैनीताल । महिला अधिकारों के प्रति सचेत, नैनीताल में महिलाओं के हर आंदोलन में सक्रिय रहने वाली कमल नेगी का बीरवार को लंबी बीमारी के उपरान्त लगभग 82 वर्ष की उम्र में देहांत हो गया। बता दें कमल नेगी (कमल दी) के सामाजिक जीवन का प्रारंभ मैत्री महिला संगठन में सक्रिय भूमिका निभाने के साथ प्रारंभ हुआ। शराब के खिलाफ अनेक धरना प्रदर्शनों में उनकी नेतृत्वकारी भूमिका रही। वह हमेशा महिला हिंसा के खिलाफ सजग और सक्रिय रहने वाली उत्तराखंड का जाना माना चेहरा थीं। उत्तराखंड महिला मंच की महत्वपूर्ण कार्यकर्ता एवं नेतृत्वकारी भूमिका निभाने वाली कमल दी बहुत लंबे समय से अस्वस्थ थीं। उनकी मृत्यु से महिलाओं के पक्ष में उठने वाली बुलन्द आवाज मौन हो गई। उनके निधन पर मैत्री महिला संगठन समेत विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने दुख जताया है।

### आरसीएमएस पोर्टल के डाटा को यूआरसीएमस में माइग्रेट करने हेतु शुरु हुई कवायद:बिष्ट



नैनीताल । खाद्य विभाग से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी नैनीताल सुरेन्द्र सिंह बिष्ट ने कहा कि विभाग में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत वर्तमान में राशन कार्ड बनाये जाने की प्रक्रिया आरसीएमएस पोर्टल पर संचालित की जा रही है । बिष्ट के मुताबिक भारत सरकार के द्वारा स्मार्ट पीडीएस योजना के अंतर्गत पूरे भारत वर्ष में सभी राज्यों के लिए एक एकीकृत/उच्चीकृत यूआरसीएमएस पोर्टल बनाये जाने का निर्णय लिया गया है । वर्तमान में प्रचलित आरसीएमएस पोर्टल के डाटा को यूआरसीएमस में माइग्रेट करने हेतु 26 फरवरी से 7 मार्च 2026 तक आरसीएमएस पोर्टल में होने वाले समस्त कार्य स्थगित/बाधित रहेंगे । बिष्ट ने बताया कि नवीन यूनिफ इड राशन कार्ड मैनेजमेंट सिस्टम पोर्टल में कार्य किया जाना सरल, प्रभावी और एडवांस तकनीकीयुक्त होगा।

### सैनिकों को दिया गया अग्निशमन प्रशिक्षण

अल्मोड़ा। प्रभारी अग्निशमन अधिकारी गणेश चंद्र की टीम ने मानसिंह हॉल में सैनिकों को अग्निशमन उपकरणों की विस्तृत जानकारी दी। इस प्रशिक्षण के दौरान, सैनिकों को आग से बचाव के तरीके और विभिन्न अग्निशमन यंत्रों के सही प्रयोग के बारे में बताया गया। उन्हें आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई करने के संबंध में भी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। अधिकारी ने जोर देकर कहा कि आगजनी की घटनाओं में घबराने के बजाय सही तकनीक और उपकरणों का उपयोग जानना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इससे जान-माल के नुकसान को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है ।
–संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्नी बाबू राजपूत

# माह-ए-रमजान का दूसरा जुम्मा अकीदत के साथ अदा

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

माह-ए-रमजान का दूसरा जुम्मा शुक्रवार को शहर में अकीदत और एहतराम के साथ अदा किया गया। सुबह से ही मस्जिदों में नमाज़ियों की भीड़ उमड़ने लगी थी। जुम्मे की नमाज़ के दौरान शहर की बड़ी मस्जिदों से लेकर मोहल्लों की छोटी मस्जिदों तक खास रौनक देखने को मिली। रोज़ेदारों ने बड़ी तादाद में पहुंचकर इबादत की और अल्लाह की बारगाह में सज्दा रेज़ हुए।

जुम्मे के खुत्बे में उलेमा-ए-कराम ने रमजान की फजीलत बयान करते हुए रोज़े, नमाज़ और सदक़ा-खैरात की अहमियत पर रोशनी डाली। उन्होंने कहा कि रमजान का पाक महीना सब्र, रहमत और भाईचारे का पैगाम देता है। इस दौरान लोगों को नेकियों की राह पर चलने, जरूरतमंदों की मदद करने और समाज में आपसी सौहार्द बनाए रखने की नसीहत दी गई। नमाज़ के बाद हजारों हाथ एक साथ उठे और मुल्क में अमन-ओ-अमान, तरक्की और खुशहाली की दुआ की गई। नमाज़ियों ने शहर में भाईचारे, सौहार्द और एकता कायम रहने की भी विशेष दुआएं मांगीं। जुम्मे के मौके पर मस्जिदों के बाहर भी खास इंतज़ाम किए गए थे। कई स्थानों पर पीने के पानी और रोज़ा इफ्तार के लिए व्यवस्थाएं की गईं। प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतज़ाम रहे, जिससे नमाज़ शांतिपूर्ण माहौल में अदा की जा सके।



# उत्तराखंड बार काउंसिल चुनाव: हल्द्वानी के चंद्रशेखर ने जीत के लिये निर्धारित मतों का कोटा किया हासिल

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड बार काउंसिल के चुनाव की मतगणना बीरवार को सातवें दिन भी जारी रही । बीरवार को हल्द्वानी के चंद्रशेखर जोशी ने जीत के लिये निर्धारित मतों का कोटा हासिल कर लिया और उनकी जीत सुनिश्चित हो चुकी है । उनके बार काउंसिल सदस्य का चुनाव जीतने पर उनके समर्थकों ने उनका जोरदार स्वागत किया ।

इधर बीरवार को बार काउंसिल के कई महिला प्रत्याशियों ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार उन्हें 30 फीसदी आरक्षण के मुताबिक मतों की गिनती न किये जाने पर मतगणना स्थल के बाहर धरना दिया । उनके धरने की सूचना पर सहायक चुनाव अधिकारी व बरिष्ठ अधिवक्ता बी डी उपाध्याय महिला प्रत्याशियों से वार्ता के लिये मतगणना कक्ष से बाहर आये और उन्होंने मतगणना नियमानुसार होने का दावा किया । लेकिन ये महिला प्रत्याशी चुनाव अधिकारी के तर्कों से संतुष्ट नहीं थे । वे महिला प्रत्याशियों को मिले मतों की अलग से गिनती किये जाने व उसी आधार पर टॉप 5 प्रत्याशियों को विजयी घोषित करने की मांग कर रहे थे । जबकि ये मतगणना महिला व पुरुष प्रत्याशियों की एक साथ हो रही है और इसी मतगणना में टॉप में रह रही महिलाओं की रैंकिंग बनाई जा रही है ।इस दौरान महिला प्रत्याशी शिवांगी गंगवार, सृष्टि तिवारी,नेहा जैन तथा भावना वर्मा व प्रियंका रानी आदि शामिल थे।



# अभिमत

## भारत का मुकुट मणि

*हिमालयी राज्य उत्तराखंड को चारधाम व अनेक धर्मस्थल होने से देवभूमि कहा जाता है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तराखंड को 'भारत का मुकुट मणि' बताते हुए राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण बताया है और पलायन को सिर्फ राज्य की समस्या नहीं, बल्कि राष्ट्र की सुरक्षा के परिप्रेक्ष्य में समाधान की बात कही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी देश की सीमा के आखिरी गांव को प्रथम गांव बताते हुए विकसित करने पर बल दिया था। सीमावर्ती क्षेत्र निर्जन होने पर देश की सुरक्षा को खतरा उत्पन्न हो सकता है।*

किसी भी राज्य में अनेक समस्याओं का होना मामूली बात है, परन्तु समाधान करते समय केन्द्र विन्दु की समस्या को प्राथमिकता देने का प्रयास किया जाता है। हिमालयी राज्य उत्तराखंड को चारधाम व अनेक धर्मस्थल होने से देवभूमि कहा जाता है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तराखंड को 'भारत का मुकुट मणि' बताते हुए राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण बताया है और पलायन को सिर्फ राज्य की समस्या नहीं, बल्कि राष्ट्र की सुरक्षा के परिप्रेक्ष्य में समाधान की बात कही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी देश की सीमा के आखिरी गांव को प्रथम गांव बताते हुए विकसित करने पर बल दिया था। सीमावर्ती क्षेत्र निर्जन होने पर देश की सुरक्षा को खतरा उत्पन्न हो सकता है। पलायन से सीमावर्ती के साथ ही पूरा पर्वतीय क्षेत्र खाली होता जा रहा है। एक सर्वे में उत्तराखंड के सैकड़ों गांव के हर घर में ताले लगे पाये गये। रोजी-रोटी की तलाश में लोग पलायन कर रहे हैं। योगी आदित्यनाथ ने महानगरों तथा अन्य राज्यों में रोजगार के लिए पलायन नहीं करके पर्वतीय क्षेत्र में खेती तथा स्वरोजगार के साधन विकसित कर आत्मनिर्भर होने का सुझाव दिया है। उत्तराखंड को पिछड़ा राज्य कहना सरासर अनुचित है। नैसर्गिक सौंदर्य के साथ प्राकृतिक सम्पदा का अकूत भंडार है। जंगल में वृक्ष, अमूल्य जड़ी-बूटी के पौधे हैं। पर्वतीय क्षेत्र की जलवायु फलों की बागवानी के लिए उत्तम है। मैदानी क्षेत्र में शीतोष्ण फलों के उद्यान संभव नहीं हैं। मृदा वैज्ञानिकों से सर्वे कराकर क्षेत्र विशेष की भूमि और वातावरण के अनुकूल फलों के उद्यान विकसित किये जायें। फल प्रसंस्करण के लिए कुटीर उद्योग स्थापित किये जाने चाहिएं। इसी तरह पर्वतीय क्षेत्र की समतल भूमि पर कृषि को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। पूर्व सैनिकों और युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है। उत्तराखंड में पूर्व सैनिकों की बहुलता है। सेना के साथ अन्य सुरक्षा बलों में नियुक्त होकर देश की रक्षा में योगदान को उत्तराखंड के युवा प्राथमिकता देते हैं। सेवानिवृत्त होने पर पूर्व सैनिक के रूप में उत्तराखंड में आकर रहते हैं। सुरक्षा बलों में नियुक्ति से वंचित युवा रोजगार के लिए पलायन करते हैं। स्वरोजगार के साधन उपलब्ध कराना सरकार के लिए कठिन नहीं है। पर्वतीय क्षेत्र की प्राकृतिक संपदा का सदुपयोग करने से रोजगार के साथ राजस्व भी प्राप्त होगा।

# रिले रेस में पंत विवि और संस्कृति विवि रहे अव्वल

**पंतनगर**

हमारे संवाददाता



गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में आयोजित चार-दिवसीय उत्तराखंड अंतर विश्वविद्यालयी खेल महोत्सव विवादों के साथ संपन्न हो गया। इस आयोजन में उत्तराखंड के 10 विश्वविद्यालयों ने प्रतिभाग किया था।

विवि के कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान ने महोत्सव का समापन करते हुए कहा कि खेल केवल प्रतिस्पर्धा का मंच नहीं बल्कि व्यक्तित्व निर्माण की सशक्त प्रक्रिया है। यह महोत्सव युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, समर्पण और सहयोग की भावना को विकसित करने का प्रभावी माध्यम सिद्ध हुआ है। कुलसचिव डॉ. दीपा विनय ने विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में विजेता टीमों/खिलाड़ियों का विवरण प्रस्तुत किया। इससे पूर्व अधिष्ठाता छात्र कल्याण एवं आयोजक सचिव डॉ. एएस जीना ने सभी का स्वागत किया। इस दौरान विवि के अधिष्ठाता, निदेशक, प्राध्यापक, खेल अधिकारी, आयोजन समिति के सदस्य एवं ब ?ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

उत्तराखंड राज्य बनने के 25 वर्षों में यह पहला मौका था, जब खेल व क्री ?ा के लिए राज्य के 10 विश्वविद्यालय एकत्र हुए। विवि के कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान के नेतृत्व में आयोजित इस महोत्सव में 722 खिलाडी जिसमें 412 पुरुष एवं 310 महिला प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक खेल भावना, अनुशासन और उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया। चार दिनों तक चले इस महोत्सव में एथलेटिक्स, दौ ?, कबड्डी, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, फुटबॉल, बैडमिंटन सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया गया।

प्रतियोगिताओं के 400 मीटर रिले पुरुष वर्ग में जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विवि पहले, हेमवती नंदन बहुगुणा उत्तराखंड चिकित्सा शिक्षा विवि देहरादून दूसरे और दून विवि देहरादून की टीम तीसरे स्थान पर रही। महिला वर्ग में उत्तराखंड संस्कृति विवि हरिद्वार पहले, सोबन सिंह जीना विवि अल्मोड़ा दूसरे और कुमाऊं विवि नैनीताल की टीम तीसरे स्थान पर रही।

अंतर विश्वविद्यालयी खेल एवं क्रीड़ा महोत्सव के समापन समारोह में तब खलल पड़ गया, जब एसएसजे विवि अल्मोड़ा के कोच ने चहेती टीम (श्रीदेव सुमन विवि टिहरी गढ़वाल) को ट्रॉफी देने का आरोप लगा दिया। इससे नाराज सभी खिलाड़ियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में हासिल किए पदक भी लौटा दिए। कोच लियाकत अली खान का तर्क था कि उनकी टीम ने 110 प्वाइंट के साथ 14 स्वर्ण सहित कुल 27 पदक हासिल किए हैं।

## सड़क पर अवैध तरीके से पार्क वाहनों की हटाने की मांग

नैनीताल। नैनीताल की बिड़ला रोड में अवैध रूप से पार्क वाहन दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं। अधिवक्ता ने एसएसपी को शिकायती पत्र सौंप सड़क में पार्क वाहनों को हटाने समेत कार्रवाई की मांग की है।

अधिवक्ता मो. खुर्शीद हुसैन ने एसएसपी को शिकायती पत्र देते हुए कहा है कि बिड़ला रोड पर सीमेंट हाउस क्षेत्र में सड़क में दोनों ओर टैक्सी व निजी वाहनों को अवैध तरीके से पार्क किया जा रहा है। जिससे तल्लीताल से बिड़ला की ओर जाने वाले वाहन चढ़ाई में कई बार फंस जाते हैं। ऐसे में कई बार दुर्घटना होने की संभावनाएं बनी हैं। सड़क से स्कूली बच्चेए बुजुर्ग व अन्य लोग आवाजाही करते हैं। साथ ही दिनभर कई चार पहिया व दो पहिया वाहन भी दौड़ते हैं। वाहन स्वामियों से कोई भी व्यक्ति कुछ कहता है तो स्वामी लडने आते हैं। ऐसे में यहां हादसे होने का भय बना हुआ है। उन्होंने एसएसपी से उक्त वाहनों को हटाकर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है।

## नैनीताल में न्याय की डिजिटल उड़ानः ई-लाइब्रेरी का हुआ शुभारंभ, एआई से मिलेगी अधिवक्ताओं को नई ताकत

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता



जिला बार एसोसिएशन नैनीताल में बीरवार को आधुनिक तकनीक से सुसज्जित डिजिटल ई-लाइब्रेरी का उद्घाटन जिला न्यायाधीश प्रशांत जोशी ने फ ीता काटकर किया।

इस अवसर पर उन्होंने इसे न्यायिक कार्यप्रणाली को गति देने वाली ऐतिहासिक पहल बताते हुए कहा कि उच्च न्यायालयों से प्रतिदिन आने वाले आदेशों और निर्णयों की त्वरित जानकारी अधिवक्ताओं और वादकारियों दोनों के लिए अत्यंत आवश्यक है, कहा कि डिजिटल संसाधनों के माध्यम से अधिवक्ता नवीनतम फैसलों और विधिक तथ्यों से तुरंत अवगत हो सकेंगे जिससे न्याय प्रक्रिया और अधिक पारदर्शी व प्रभावी बनेगी।

बार एसोसिएशन के अध्यक्ष भगवत प्रसाद ने इस पहल को मील का पत्थर बताते हुए कहा कि ई-लाइब्रेरी में उच्चतम न्यायालय तथा देश के विभिन्न उच्च न्यायालयों से जुड़े 27 लाख से अधिक प्रकरणों का डाटाबेस मौजूद हैं, इससे अधिवक्ताओं को शोध कार्य में व्यापक सहायता मिलेगी जिससे समय की बचत भी होगी।

एसोसिएशन के सचिव दीपक रूवाली ने बताया कि डिजिटल ई.लाइब्रेरी अत्याधुनिक एआई फीचर से लैस है इसमें सिविल क्रिमिनल सर्विस ट्रिबयूनल और एनआई एक्ट सहित विभिन्न प्रकार के मामलों में प्रश्न पूछने पर त्वरित और सटीक उत्तर प्राप्त किए जा सकेंगे साथ ही याचिकाओं और प्रार्थना पत्रों की ड्राफ्टिंग में भी यह प्रणाली बेहद उपयोगी सिद्ध होगी। नई व्यवस्था से नैनीताल की न्यायिक कार्यप्रणाली में तकनीकी क्रांति का आगाज माना जा रहा है अधिवक्ताओं ने इसे डिजिटल युग की दिशा में एक सशक्त और दूरदर्शी कदम बताया है जिससे न्याय व्यवस्था और अधिक सुलभ सरल और प्रभावशाली बनेगी। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष शंकर सिंह चौहान समेत कई अधिवकता मौजूद रहे।

# फिल्मी दुनिया

## होली में रंग जमाने लौटीं नेहा कक्कड़, यूजर्स ने किया ट्रोल





*सिंगर नेहा कक्कड़ ने पिछले महीने सोशल मीडिया के जरिए एलान किया था कि वह एक लंबे ब्रेक पर जा रही हैं। लेकिन होली से पहले ही वह लौट आई हैं। सिंगर ने अपना होली सॉन्ग अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट किया है। फैंस ने जहां इसे लाइक किया, वहीं कुछ लोगों ने नेहा कक्कड़ को ट्रोल भी किया। नेहा कक्कड़ ने जनवरी महीने में इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा कर बताया था कि इमोशनल स्ट्रेस, नेगेटिविटी और इंडस्ट्री के दवाब के कारण वह लंबा ब्रेक ले रही हैं। उन्होंने सोशल मीडिया और पैपराजी से दूर रहने की बात की थी। लेकिन होली से पहले ही नेहा कक्कड़ ने अपने एक गाना लॉन्च कर दिया है। इस गाने को लेकर जहां फैंस उनकी तारीफ कर रहे हैं, वहीं कुछ लोगों ने ट्रोल भी किया है। ट्रोल्स का कहना है कि ब्रेक का एलान करने के बाद वह क्यों लौटीं? साथ ही उनके होली के गाने के बोल भी कुछ यूजर्स को पसंद नहीं आए हैं। नेहा कक्कड़ ने होली का जो नया गाना गाया है, उसके बोल हैं- 'तेरे साथ में राजा होली खेलूंगींज'। इसमें वह मस्ती भरे अंदाज में होली खेल रही हैं। साथ ही जमकर ठुमके भी लगा रही हैं। इस गाने पर नेहा कक्कड़ का वही अंदाज नजर आ रहा है, जिसके लिए पिछले दिनों वह ट्रोल भी हुईं। इसे गाने में 'सूट टाइट' और 'तेरे लिए करती डाइट' जैसे शब्द भी शामिल हैं।*

### यूजर्स को पसंद नहीं

*नेहा कक्कड़ का होली सॉन्ग कुछ सोशल मीडिया यूजर्स को पसंद नहीं आया है। एक यूजर ने लिखा, 'यह हमेशा के लिए रिटायरमेंट क्यों नहीं लेती हैं।' एक अन्य यूजर्स ने लिखा, 'क्या उटपटांग गाने बनाती हैं। एक अन्य यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा, 'यह हमेशा के लिए म्यूजिक इंडस्ट्री से ब्रेक क्यों नहीं लेती हैं।' जबकि फैंस नेहा कक्कड़ के सपोर्ट में दिखे, उन्होंने इस होली सॉन्ग को खूब पसंद किया।*

## फाइनेंसियल लिटरेसी कार्यशाला एवं एल्मनी मीट का आयोजन

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालक आवासीय छात्रावास हल्दुचौर की पहल पर पीएमश्री अउराइका हल्दुचौर के सभागार में फाइनेंसियल लिटरेसी कार्यशाला एवं एल्मनी मीट का आयोजन किया गया।

कार्यशाला के दौरान मुखय सन्दर्भदाता के रूप में आये गगन तिवारी को शाल ओढ़ाकर सममानित किया गया। कार्यशाला के दौरान वित्तीय निवेश के विशेषज्ञ गगन तिवारी ने अभिभावकों एवं शिक्षकों को महत्वपूर्ण टिप्स देने के साथ साथ बच्चों को भी जीवन में मितव्ययिता के साथ बड़े वित्तीय लाभ का मन्त्र दिया। आयोजन को सफल बनाने में सह सन्दर्भदाता के रूप में गिरीश शर्मा एवं कैलाश चंद्र सिंह द्वारा योगदान दिया गया। प्रधानाचार्य गणपत सिंह सेंगर ने सामुदायिक सहभागिता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सभी के सहयोग का आह्वान किया। कार्यक्रम संयोजक के रूप में नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालक आवासीय छात्रावास के अधीक्षक डॉ. हिमांशु पाण्डे ने बताया कि छात्रावास के बच्चों को बचत की आदत डालते हुए प्रोत्साहन के रूप में दो सौ रूपये प्रति छात्र प्रतिमाह प्रदान किये जाते हैं। इस अवसर पर नेप्सुण्चण्बोण् छात्रावास की अभिभावक समिति की बैठक में कई महत्त्वपूर्ण निर्णय लिए गये।



# News कॉर्नर

## नैनीताल में वन महकमे ने शुरु की गश्त

नैनीताल । नैनीताल के आस पास के क्षेत्रों में वन विभाग ने गश्त शुरू कर दी है। विभाग की ओर से लोगों को जंगल की आग से होने वाले नुकसानों की जानकारी भी दी जा रही है। बता दें कि बीते 18 फ रवरी को पाइंस में मॉकड्रिल के बाद वन विभाग की ओर से क्षेत्रों में गश्त शुरू कर दी है। विभाग की ओर से अग्नि संभावित क्षेत्रों में जाकर सूखे पत्ते व पिरूल हटाने का कार्य किया जा रहा है। इस दौरान क्षेत्र में लोगों से जंगल की आग की जानकारी विभाग को दी जाने की अपील भी की जा रही है। वन क्षेत्राधिकारी मुकुल शर्मा ने बताया कि नैनीताल हल्द्वानी रोड आग की घटना के लिए संवेदनशील माना जाता है। जिसको देखते हुए क्षेत्र में लगातार गश्त की जा रही है। साथ ही सड़क किनारे पते व पिरूल को साफ करना शुरू कर दिया है।

## क्षेपं की पहली बैठक का बहिष्कार, अधिकारियों की अनुपस्थिति से जनप्रतिनिधि नाराज

अल्मोड़ा। क्षेत्र पंचायत हवालबाग की विकासखंड सभागार में बृहस्पतिवार को हुई पहली बैठक जनप्रतिनिधियों के विरोध के चलते नहीं हो सकी। अधिकारियों के नहीं पहुंचने पर जन प्रतिनिधियों ने नाराजगी जताई। सुबह 11 बजे निर्धारित समय पर बैठक शुरू होनी थी लेकिन दोपहर 12 बजे तक मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, एडीएम, उप जिलाधिकारी और विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी बैठक में नहीं पहुंचे। इससे नाराज जनप्रतिनिधियों ने बैठक का बहिष्कार कर दिया। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि क्षेत्र पंचायत की बैठकें लंबे अंतराल के बाद आयोजित होती हैं ऐसे में जिम्मेदार अधिकारियों का अनुपस्थित रहना विकास कार्यों को प्रभावित करता है।

# रात के 11 बजते ही सूनी हो जाती हैं नैनीताल की सड़कें, कर्फ्यू जैसे हालात

नैनीताल र

हमारे संवाददाता

सरोवर नगरी नैनीताल की रौनक अब रात 11 बजे के बाद थमने लगी है ऐसा इसलिए कयों कि हाल के दिनों में हल्द्वानी में हुए डबल मर्डर और देहरादून में सामने आई हत्या की घटनाओं के बाद पुलिस प्रशासन ने एहतियात के तौर पर सखती बढ़ा दी है। इसके तहत शहर के बाजारों और दुकानों को रात 11 बजे के बाद बंद कराया जा रहा है जिससे देर रात तक जगमगाने वाली पर्यटन नगरी नैनीताल की सड़कें अचानक सूनी नजर आने लगी हैं। दूसरी ओर प्रशासन का कहना है कि यह कदम कानून व्यवस्था बनाए रखने और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए उठाया गया है, देर रात तक भीड़भाड़ और बाहरी लोगों की आवाजाही को देखते हुए निगरानी बढ़ाई गई है और होटल व रेस्टोरेंट व दुकानों को समय से बंद करने के निर्देश दिए गए हैं, हालांकि इस फैसले का स्थानीय व्यापारी और होटल कारोबारी विरोध कर रहे हैं। व्यापारियों का कहना है कि नैनीताल एक पर्यटक नगरी है और यहां की नाइट लाइफ पर्यटकों को आकर्षित करती है नैनीताल में वैसे ही पर्यटन खत्म हो चुका है ऐसे फैसले लेकर और पर्यटन को खत्म किया जा रहा है, व्यापारियों ने कहा कि पुलिस अपनी कार्यप्रणाली पर फेल हो रही है जिसके बाद इस तरह के फैसले ले रही है वहीं रात 11 बजे बाजार बंद होने से पर्यटक जल्दी होटल लौट रहे हैं जिससे कारोबार पर सीधा असर पड़ रहा है। कई पर्यटक खाने की तलाश में माल रोड में घूमते फिरते नजर आ रहे हैं। व्यापारियों का कहना है कि कया अब अपराध रोकने के लिए बाजार बंद करना उचित है?

## व्यापारी बोले पर्यटक नगरी में कैसे चलेगा काम?



## व्यापार मंडल ने दी आंदोलन की चेतावनी

नैनीताल के मल्लीताल व्यापार मंडल के अध्यक्ष किशन सिंह नेगी ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं, उनका कहना है कि पुलिस अपने कर्तव्यों के निर्वहन में पूरी तरह विफल हो रही है इसलिए इस तरह के नियम बनाकर व्यापारियों पर थोपे जा रहे हैं, उन्होंने कहा कि रात 11 बजे बाजार बंद कराने का कोई औचित्य नहीं है और यह शहर की कानून व्यवस्था संभालने में पुलिस की असफलता को दर्शाता है। कहा कि नैनीताल एक प्रमुख पर्यटन स्थल है, ऐसे नियमों से पर्यटन गतिविधियां प्रभावित होंगी, उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही यह व्यवस्था वापस नहीं ली गई तो व्यापारी इसके खिलाफ आंदोलन करेंगे।

## पुलिस अपनी जिमेदारियों से हट रही पीछे

नैनीताल होटल व रैस्टोरैंट एसोसिएशन के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह बिष्ट ने कहा कि नैनीताल एक प्रमुख पर्यटन स्थल है और इस तरह के आदेश से यह प्रतीत होता है कि पुलिस अपनी जिमेदारियों से पीछे हट रही है। उन्होंने टिप्पणी करते हुए कहा कि हालात ऐसे बन रहे हैं मानो शहर में फि र से अंग्रेजों का शासन लौट आया हो, कभी वाहनों को रोकना और डायवर्ट करना तो अब रात 11 बजे शहर बंद कराने जैसे फैसले लिए जा रहे हैं, जिससे पर्यटन गतिविधियां प्रभावित हो रही हैंण् उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की जिमेदारी है और इससे मुंह नहीं मोड़ा जाना चाहिए, नैनीताल में पर्यटक देर रात तक माल रोड पर घूमना पसंद करते हैं जबकि कई होटलों में भोजन की व्यवस्था नहीं होती, ऐसे में 11 बजे बाजार बंद कर पर्यटकों को हटाना उचित नहीं है।

# कार्रवाई: 46 नशे इंजेक्शन के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

ड्रग फ्री देवभूमि मिशन को सार्थकता प्रदान करने के उद्देश्य से जनपद में मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम हेतु डॉ. मंजूनाथ टी.सी. एसएसपी द्वारा सभी अधीनस्थ अधिकारियों को वृहद स्तर पर चेकिंग अभियान चलाने तथा तस्करों की गिरफ्तारी के सख्त निर्देश दिए गए हैं।

बनभूलपुरा थाना प्रभारी दिनेश सिंह फर्त्याल के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा नशे के सौदागरों के विरुद्ध सघन अभियान चलाया गया।

पुलिसन ने बनभूलपुरा क्षेत्र में चेकिंग के दौरान पुलिस टीम ने दो तस्करों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों में रईश उर्फ बब्लू निवासी गफूर बस्ती, वार्ड नं. 24 के कब्जे से 32 अदद नशीले इंजेक्शन व समीर



पाशा निवासी जवाहर नगर, फारुख दुकानदार वाली गली, वार्ड नं. 15 थाना बनभूलपुरा के कब्जे से 14 अदद नशीले इंजेक्शन बरामद किए गए। दोनों तस्करों के पास से 46 नशीले इंजेक्शन बरामद हुए हैं। पुलिस ने दोनों नशे के सौदागरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश किया है। सफलता पाने वाली टीम में उ0नि0 मनोज यादव, कानि0 दिलशाद अहमद, सुनील कुमार, महबूब अली, आदि शामिल रहे

कोतवाल दिनेश फर्त्याल ने बताया कि क्षेत्र को नशा मुक्त बनाने के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा तथा मादक पदार्थों की तस्करी में सोंलिप्त किसी भी व्यकि को बख्शा नहीं जाएगा।

# पहाड़ में खेती के कम होते रकबे पर सेतु आयोग के उपाध्यक्ष जोशी ने जताई चिंता

नैनीताल

हमारे संवाददाता

सेतु आयोग के उपाध्यक्ष राजशेखर जोशी ने बीरवार को कुमाऊं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत के साथ कुमाऊं विश्वविद्यालय के हरमिटेज भवन में टाटा ग्रुप की ओर से संचालित स्किल सेंटर में प्रथम बैच के कौशल प्रशिक्षण पूरा होने के बाद दीक्षा समारोह में हिस्सा लेने के साथ ही 24 युवाओं के नए बैच का भी शुभारंभ किया।

बता दें प्रशिक्षण पूरा कर चुके प्रतिभागियों में से 80 प्रतिशत ताज ग्रुप सहित अन्य ग्रुपों में प्लेसमेंट हुआ है। आयोग उपाध्यक्ष जोशी ने बताया कि चार माह के शार्ट टर्म प्रशिक्षण के लिए 12 वीं पास बेरोजगार युवाओं का तक चयन किया गया। पीएम सेतु योजना के तहत प्रदेश के चार आइटीआइ अपग्रेड होंगे। इनमें कौशल आधारित कोर्स संचालित होंगे। पहाड़ में किसान खेती-



उद्यानिकी से जुड़ना चाहते हैंए इसके लिए गंभीर प्रयास किए गए हैं। उन्होंने बताया कि सिस्को व एनआइटी के सहयोग से कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल तथा टिहरी में टीएचडीसी कालेज में साइबर सिक्योरिटी पर सेंटर आफ एकसीलेंस स्थापित किया जाएगा। इस मौके पर कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत ने स्किल सेंटर की कार्यप्रणाली के बारे में बताया। इस मौके पर पर्यटन विभाग के डा. अशोक कुमार, ताज ग्रुप के सीएसआर निदेशक संदीप गोरे समेत सेतु आयोग की सलाहकार डा.भावना शिंदे, ताज ग्रुप रामनगर के जीएम निवेदन कुकरेती तथा आरिफ कैशल्स के अमित एलबर्ट तथा टाटा समूह के कुमार मनीष आदि मौजूद थे।

# कुमाऊं विवि को मिशन अमृत सरोवर योजना के मूल्यांकन अध्ययन का दायित्व

नैनीताल

हमारे संवाददाता

उत्तराखण्ड सरकार के सेतु आयोग द्वारा राज्य में संचालित मिशन अमृत सरोवर योजना के मूल्यांकन अध्ययन का कार्य कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल को आवंटित किया गया है। इस संबंध में कार्यादेश सेतु आयोग उत्तराखण्ड शासन द्वारा जारी किया गया है।

सेतु आयोग द्वारा मिशन अमृत सरोवर योजना के मूल्यांकन हेतु 8 दिसंबर 2025 को एकसप्रेशन आफ़ इंटरेस्ट आमंत्रित की गई थी। इसके उपरान्त विश्वविद्यालयों/संस्थानों से प्राप्त तकनीकी एवं वित्तीय प्रस्तावों का परीक्षण 27 जनवरी 2026 को आयोजित मूल्यांकन समिति की बैठक में किया गया। मूल्यांकन के पश्चात कुमाऊँ विश्वविद्यालय के जंतु विज्ञान विभाग के डॉ. दीपक मेलकानी द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव के आधार पर विश्वविद्यालय का चयन किया गया।

उत्तराखण्ड शासन के नियोजन विभाग द्वारा 20 फ रवरी 2026 को जारी पत्र के माध्यम से इस अध्ययन कार्य को 200 लाख रुपये की स्वीकृत लागत पर मुखय अन्वेषक डॉ. दीपक मेलकानी कुमाऊँ विश्वविद्यालय को प्रदान किया गया है। यह अध्ययन 6 माह की अवधि में पूर्ण किया जाना है।

अध्ययन के अंतर्गत योजना के क्रियान्वयन, प्रभाव व उपयोगिता तथा सामाजिक.आर्थिक परिणामों का विस्तृत मूल्यांकन किया जाएगा। इसके लिए फ ील्ड सर्वे समेत प्राथमिक एवं द्वितीयक आंकड़ों का संग्रहए हितधारकों के साथ समूह चर्चा तथा आवश्यक विश्लेषण किया जाएगा। अध्ययन की रिपोर्ट हिंदी एवं अंग्रेजी दोनों भाषाओं में सेतु आयोग को निर्धारित समय सीमा में प्रस्तुत की जाएगी। सेतु आयोग ने विश्वविद्यालय से अपेक्षा व्यक्त की है कि अध्ययन कार्य को गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ पूर्ण किया जाए जिससे राज्य सरकार को नीति निर्माण एवं योजना सुधार हेतु ठोस व साक्ष्य.आधारित सुझाव प्राप्त हो सकें।

इस कामयाबी पर कुमाऊँ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत, कुलसचिव डॉ. मंगल सिंह मंद्रवाल समेत प्रो. संजय पंत, प्रो.एच.सी.एस. बिष्ट, प्रो. ललित तिवारी, प्रो. रीतेश साह, प्रो. महेन्द्र राणा, डॉ. कुबेर गिनती, डॉ. पूरन अधिकारी, डॉ. मनोज सिंह बिष्ट एवं डॉ. मोहित रौतेला ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए अध्ययन दल को शुभकामनाएँ दी हैं।

## नैनीताल जिले के 167 पुलिस कर्मियों का स्थानांतरण

नैनीताल। नैनीताल जिले में एसएसपी ने पुलिसकर्मियों की तैनाती में बड़ा फेरबदल किया है जिसमें एएसपी से कांस्टेबल तक के कर्मी शामिल हैं। एसएसपी कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक 90 पुलिसकर्मियों को पुलिस लाइन से थानों में तैनाती दी गई है वहीं 77 पुलिसकर्मियों को थानों व कार्यालय से स्थानांतरण किया गया है। एसएसपी ने 29 अपर उपनिरीक्षक समेत चार महिला अपर उपनिरीक्षक तथा 51 पुरुष हेड कांस्टेबल समेत तीन महिला हेड कांस्टेबल तथा 55 कांस्टेबल व 25 महिला कांस्टेबल का स्थानांतरण किया है।

# जनहित याचिका को किया अंतिम रुप से निस्तारित

नैनीताल

हमारे संवाददाता

उत्तराखण्ड हाईकोर्ट ने वकफ बोर्ड के मुखय कार्यकारी अधिकारी के पद पर संयुक सचिव स्तर के अधिकारी की नियुक्ति करने के मामले पर सुनवाई की।

कोर्ट के बार -बार कहने व दखल देने के बाद बीरवार को राज्य सरकार की तरफ से कहा गया कि बोर्ड में नए सीईओ की नियुक्ति कर दी गयी है । सुनवाई के बाद कोर्ट ने जनहित को अंतिम रूप से निस्तारित कर दी है। बता दें पूर्व में हुई सुनवाई पर सरकार से कोर्ट ने पूछकर कहा था कि बोर्ड के सीईओ की नियमों के विपरीत है इसलिए इसमें उस स्तर के अधिकारी की नियुक्ति की जाय, लेकिन सरकार मामले में उसके लिए बार बार समय मांगती रही।

कोर्ट के दखल के बाद बीरवार को सरकार की तरफ से कहा गया कि कोर्ट के आदेश पर बोर्ड नया सीईओ नियुक्त कर दिया है। पूर्व में कोर्ट ने राज्य सरकार से यह भी पूछा था कि दो बार आदेश देने के बाद भी उसका अनुपालन कयों नहीं हुआ।

उस आदेश का अनुपालन रिपोर्ट सरकार ने बीरवार को कोर्ट में पेश की जिसमें कहा गया कि सरकार ने वकफ बोर्ड का नया सीईओ नियुक्त कर दिया है इसलिए सरकार के खिलाफ दायर वाद को निस्तारित किया जाय। दोनो पक्षों की सुनवाई के बाद मुखय न्यायधीश मनोज कुमार गुप्ता व न्यायाधीश सुभाष उपाध्यय की खण्डपीठ ने निस्तारित कर दी है।

# रंगभरनी एकादशी 2026: वृंदावन में श्रद्धालुओं का सैलाब, परिक्रमा मार्ग हुआ जा म



मथुरा/अयोध्या

एजेंसी

रंगभरनी एकादशी पर वृंदावन में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा, जिससे परिक्रमा मार्ग पूरी तरह श्रद्धालुओं से भर गया। बांके बिहारी मंदिर में विशेष उत्सव के साथ रंगों की होली खेली गई और 36 प्रकार के व्यंजनों का भोग अर्पित किया गया।

वृंदावन में रंगभरनी एकादशी पर सुबह से परिक्रमार्थियों को रैला परिक्रमा मार्ग पर नजर आया। जगह जगह पुलिस बल तैनात किया गया था। परिक्रमा मार्ग को नो व्हीकल जोन बनाया गया था। वॉच टॉवरों पर खड़ी पुलिस लोगों को माइक से दिशा निर्देश दे रही थी। किसी प्रकार से कोई बखेड़ा न खड़ा हो इस बात का विशेष ध्यान रखा जा रहा था। रंगभरनी एकादशी ने वृंदावन में रंगीली होली का आगाज हो जाता है। आज ठाकुर श्री बांकेबिहारी मंदिर में विशेष उत्सव मनाया जाता है। जहां एक ओर सेवायत श्रद्धालुओं पर रंग बरसाते हैं तो वहीं ठाकुर जी को 36 प्रकार के व्यंजनों को भोग लगाया जाता है।

## हनुमानगढ़ी से निकाली भव्य शोभायात्रा

रंगभरी एकादशी पर शुक्रवार को रामनगरी के साधु-संत अपने इष्ट देव भगवान राम व उनके परम भक्त हनुमंत लला के साथ होली के रंग में रंगे नजर आए।मंदिरों में साधु-संतों ने अबीर-गुलाल उड़ाकर आराध्य संग होली खेली और रंगोत्सव की मुनादी की। इसी के साथ रामनगरी के मंदिरों में गीत-संगीत एवं राग-रंग का उत्सव शुरू हो गया है। सिद्धपीठ हनुमानगढ़ी में सुबह नौ बजे विधिवत पूजन-अर्चन व श्रृंगार करने के बाद हनुमान जी महाराज को अबीर-गुलाल लगाया गया। महंत संजय दास के सानिध्य में हनुमान जी के निशान व छड़ी की पूजा-आरती की गई। नागा साधुओं ने हनुमंतलला को अबीर-गुलाल चढ़ाकर शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा सरयू तट पहुंची, जहां साधुओं ने पूजन-अर्चन व स्नान के बाद मंदिरों की ओर रुख किया। नागासाधु संतों ने मठ-मंदिरों में जाकर विराजमान विग्रह को अबीर-गुलाल लगाते हुए होली का निमंत्रण दिया।